VISIONIAS
INSPIRING INNOVATION

MAINS 365

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

का सारांश

अहमदाबाद बेंगलूरु भोपाल चंडीगढ़ दिल्ली गुवाहाटी हैदराबाद जयपुर जोधपुर लखनऊ प्रयागराज पुणे राँची

Building Mental Resilience for UPSC CSE with VisionIAS Student Wellness Cell

The UPSC Civil Services Examination is one of the most prestigious exams in the country, bringing immense professional and personal satisfaction. However, the journey often involves overcoming loneliness, intense competition pressure, anxiety, and other psychological challenges. These issues can impact both your preparation and overall well-being.

At **VisionIAS**, we recognize the multifaceted nature of this journey. To support our students comprehensively, we have established a dedicated Student Wellness Cell. Since April 2024, our highly professional psychologists and experienced professionals have provided confidential and mindful support as per student needs.

From Stress Management to Academic Excellence

Enhancing Academic Performance: Effective stress management contributes to better academic outcomes.

Professional Mental Health Support: Seeking professional help is crucial for success in UPSC preparation.

Well-Supported Mind for Excellence: Mental well-being is essential for achieving success in UPSC exams.

Comprehensive Wellness Cell: Addressing various issues impacting mental health and academic performance.

Safe and Non-Judgmental Environment: A space for students to discuss issues and receive personalized support.

Confidential and Structured Support: Multiple, structured sessions based on the severity of the issues.

Common Issues and Our Approach

Our counseling services have addressed a variety of issues, including:

Anxiety and Hopelessness: Using Cognitive Behavioural Therapy (CBT) to promote positive thinking.

Lack of Motivation and Focus: Introducing time management strategies and SMART goal-setting.

Emotional Struggles: Providing a safe space for expression and techniques such as journaling and progressive muscle relaxation.

Social Isolation and Loneliness: Encouraging healthy social interactions and setting personal boundaries.

Family and Personal Issues: Offering advice on coping with family dynamics, personal loss, and significant life stressors.

Scan the QR code for more details

To support the larger student community, **VisionIAS** is now extending our counseling and wellness support to all students preparing for UPSC CSE, regardless of their coaching institute affiliation. Schedule a session by visiting our office at Apsara Arcade near Karol Bagh Metro Station or emailing ***student.wellness@visionias.in.***

Remember, seeking help is a sign of strength, not weakness.

विषय सूची

1. बदलती विश्व व्यवस्था की गतिशीलता (Dynamics Of Changing World Order).....5

1.1. भारत की आर्थिक कूटनीति 5
1.2. भू-राजनीति में प्रौद्योगिकी की भूमिका 5
1.3. आपदा राहत कूटनीति 6
1.4. पैरा-डिप्लोमेसी 6
1.5. भारत की सामरिक स्वायत्तता 7
1.6. भारत: द वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ 8
1.7. भारत और विकासात्मक सहयोग 8
1.8. सॉफ्ट पॉवर और सांस्कृतिक कूटनीति 9
1.9. भारतीय डायस्पोरा 9
1.10. बंदरगाहों का भू-राजनीतिक महत्त्व 10
1.11. सामरिक उपकरण के रूप में क्रूड ऑयल 10

2. भारत से जुड़े और/ या भारत के हितों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रीय एवं वैश्विक समूह और समझौते (REGIONAL, AND GLOBAL GROUPINGS AND AGREEMENTS INVOLVING INDIA AND/OR AFFECTING INDIA'S INTEREST) 11

2.1. भारत और G20 11
2.2. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा 11
2.3. अफ्रीकी संघ: G20 का एक स्थायी सदस्य 12
2.4. ब्रिक्स का विस्तार 12
2.5. भारत और हिंद-प्रशांत 13
2.6. इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF) ..14
2.7. क्वाड 14
2.8. भारत-आसियान संबंध 15
2.9. राष्ट्रमंडल 16
2.10. गुटनिरपेक्ष आंदोलन 16

3. भारत और उसके पड़ोसी देशों के साथ संबंध (INDIA AND ITS NEIGHBOURHOOD RELATIONS) 17

3.1. भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी 17
3.2. चीन का उदय और भारत के लिए खतरा 17
3.3. भारत-चीन सीमा विवाद 18
3.4. सीमापारीय नदी जल प्रबंधन 19
3.5. भारत-नेपाल संबंध 19
3.6. भारत-भूटान संबंध 20
3.7. तालिबान शासन के तहत भारत-अफगानिस्तान संबंध 21
3.8. भारत के उत्तर-पूर्व में स्थित पड़ोसी देश 21
3.9. भारत-श्रीलंका समुद्री सीमा रेखा 22
3.10. भारत-मालदीव संबंध 23
3.11. दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) 23

4. भारत को शामिल करने वाले और/ या भारत के हितों को प्रभावित करने वाले द्विपक्षीय समूह तथा समझौते (Bilateral Grouping and Agreements Involving India and/or Affecting India) 25

4.1. अब्राहम समझौता 25
4.2. इज़रायल-फ़िलिस्तीन युद्ध 25
4.3. भारत-इजराइल संबंध 26
4.4. भारत-संयुक्त अरब अमीरात (UAE) संबंध 26
4.5. भारत-सऊदी अरब संबंध 27
4.6. भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) संबंध 27
4.7. भारत और पांच मध्य एशियाई गणराज्यों (CARs) के संबंध ...28
4.8. भारत-दक्षिण कोरिया संबंध 28
4.9. भारत-इंडोनेशिया संबंध 29
4.10. दक्षिण चीन सागर 29
4.11. भारत-अमेरिका संबंध 30
4.12. भारत-कनाडा संबंध 30
4.13. भारत- लैटिन अमेरिका संबंध 31
4.14. भारत-यूरोपीय संघ संबंध 31
4.15. भारत-रूस संबंध 32
4.16. भारत-फ्रांस संबंध 32
4.17. भारत-यूनाइटेड किंगडम संबंध 33
4.18. भारत-इटली संबंध 33
4.19. भारत नॉर्डिक संबंध 33
4.20. भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध 34
4.21. भारत-अफ्रीका संबंध 35
4.22. भारत-मॉरीशस संबंध 35

5. भारत के हितों पर विकसित तथा विकासशील देशों की नीतियों और राजनीति का प्रभाव (Effect of Policies and Politics of Developed and Developing Countries on India's Interests) 36

5.1. बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव - दसवीं वर्षगांठ 36
5.2. चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC) 36
5.3. नाटो यानी उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) 37
5.4. ऑकस 37

6. महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संस्थान, एजेंसियां और मंच, उनकी संरचना, अधिदेश (IMPORTANT INTERNATIONAL INSTITUTIONS, AGENCIES, AND FORA, THEIR STRUCTURE, MANDATE) ...38

6.1. बदलते समय में वैश्विक संस्थाएं 38
6.2. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद: एक नज़र में 39
6.3. भारत और यू.एन. पीसकीपिंग यानी संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना 39
6.4. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद: एक नजर में 40
6.5. भ्रष्टाचार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCAC) 41
6.6. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) 41

अभ्यर्थियों के लिए संदेश

प्रिय अभ्यर्थी,

आपकी सहायता के लिए, हमने VisionIAS मेन्स 365 स्टडी मटेरियल से आवश्यक जानकारी का संकलन कर मेन्स 365 डॉक्यूमेंट का सारांश तैयार किया है। जैसा कि आप सभी को पता है VisionIAS मेन्स 365 स्टडी मटेरियल करेंट अफेयर्स के व्यापक कवरेज के लिए प्रसिद्ध है।

Mains 365 अंतर्राष्ट्रीय संबंध डॉक्यूमेंट के सारांश में UPSC मुख्य परीक्षा में उत्तर लेखन के लिए अंतर्राष्ट्रीय संबंध से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों का व्यापक अवलोकन प्रदान किया गया है। साथ ही, इन घटनाक्रमों के महत्त्व व संबंधित सरोकारोंआदि को भी इसमें शामिल किया गया है।

यह डॉक्यूमेंट आपको प्रमुख टॉपिक को जल्दी और प्रभावी ढंग से रिवाइज करने में मदद करेगा।

इस डॉक्यूमेंट को इन्फोग्राफिक प्रारूप में डिजाइन किया गया है, जिससे आप इसमें दी गई जानकारी को आसानी से उत्तर लेखन में शामिल कर सकते हैं।

अपनी तैयारी में सुधार करने और UPSC मेन्स में अच्छा प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए इन जानकारियों का उपयोग कीजिए।

1. बदलती विश्व व्यवस्था की गतिशीलता (Dynamics Of Changing World Order)

1.1. भारत की आर्थिक कूटनीति

परिभाषा: आर्थिक कूटनीति विदेश नीति का एक साधन है जिसमें देश के **आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक हितों की पूर्ति** के लिए **अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के परिचालन में आर्थिक साधनों का उपयोग** किया जाता है।

निष्कर्ष

आर्थिक कूटनीति को **प्रतिस्पर्धा और सहयोग, आकांक्षाओं और प्राप्य लक्ष्यों तथा क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के बीच संतुलन** बनाना चाहिए।

1.2. भू-राजनीति में प्रौद्योगिकी की भूमिका

प्रौद्योगिकी भू-राजनीति को कैसे प्रभावित करती है

- राज्य की **संप्रभुता (भौतिक और क्षेत्रीय) की पारंपरिक अवधारणा** को चुनौती देती है
- **राष्ट्र की आर्थिक शक्ति** को आकार दे सकती है
- **वैश्विक मंच पर प्रभाव** डालने में मदद करता है
- **जनमत, चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं**



1.3. आपदा राहत कूटनीति

आपदा राहत कूटनीति से तात्पर्य 'प्राकृतिक/ मानव जनित आपदाओं या संघर्षों से प्रभावित अन्य देशों को सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए एक देश के प्रयासों' से है।



1.4. पैरा-डिप्लोमेसी

यह गैर-केंद्रीय सरकारों की विदेश नीति क्षमता और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में केंद्र सरकार से स्वतंत्र उनकी भागीदारी को इंगित करती है।

प्रमुख तथ्य

- विदेशी मामले विशेष रूप से **"संघ" का विषय है**
- **सिस्टर-सिटी:** मुंबई और हो ची मिन्ह सिटी, (वियतनाम); चेन्नई और ग्वांगझोउ सिटी(चीन)।
- **उभरती प्रवृत्तियां:** बॉर्डर हाट; विदेशी सहयोग

पैराडिप्लोमेसी का महत्त्व

- **उप-राष्ट्रीय सरकार** के प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को बढ़ावा देता है।
- स्थानीयता के **वैश्वीकरण को सुगम** बनाता है।
- **शहरों** का वैश्विक **महत्व** बढ़ता है।

चुनौतियां

- राज्यों की **सीमित वित्तीय भूमिका।**
- अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में राज्यों की प्रभावी भागीदारी पर **डेटा या सिद्धांत का अभाव।**
- जब राज्य केंद्र से असामान्य व्यवहार करते हैं तो **विदेश नीति में समन्वय का अभाव** होता है।

निष्कर्ष

भारत में पैराडिप्लोमेसी अब भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है। पैराडिप्लोमेसी की क्षमता का उपयोग करके, भारत अपनी विविध क्षेत्रीय शक्तियों का लाभ उठा सकता है।

1.5. भारत की सामरिक स्वायत्तता

परिभाषा: सामरिक स्वायत्तता का मतलब है महत्वपूर्ण नीतिगत क्षेत्रों में, विशेषकर बड़े शक्तिशाली देशों के दबाव से स्वतंत्र होकर निर्णय लेने की क्षमता। दूसरे शब्दों में सामरिक स्वायत्तता किसी देश की वह क्षमता है जिसके तहत वह अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए, बिना किसी बाहरी दबाव में आकर, अपनी स्वतंत्र विदेश नीति बना सकता है और कार्यान्वित कर सकता है।

भारत की सामरिक स्वायत्तता के प्रमुख स्तंभ

- **बहु-दिशात्मक कूटनीति का अनुसरण**
- **विभिन्न मुद्दों के बीच तालमेल**
- **उलझन भरे गठबंधनों से बचाव**
- **व्यापार संबंधों में संतुलन**
- **ऊर्जा बास्केट का विविधीकरण**

समस्याएं

- भारत पर आरोप लगाते हैं कि वह **अस्पष्ट रुख** अपनाने वाला देश है।
- यूरोपीय शक्तियां भारत पर **युद्ध को परोक्ष तरीके से वित्त-पोषित** करने का आरोप लगाती हैं।
- **रूस-चीन-पाकिस्तान की धुरी** का उदय।

आगे की राह

- **भारत अमेरिका और चीन के विकल्प के रूप में उभर सकता है।**
- **आत्मनिर्भरता** या जोखिमों का विविधीकरण।
- **अंतर्राष्ट्रीयवाद** और **बहु-गठबंधन आधारित विदेश नीति** का पालन करना।

1.6. भारत: द वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ

भारत: ग्लोबल साउथ का नेतृत्वकर्ता

- **बहु-दिशात्मक कूटनीतिक** सहभागिताएं
- भारत वैश्विक स्तर पर **जलवायु गवर्नेंस के लोकतंत्रीकरण** की दिशा में अपना सहयोग दे रहा है
- बहुपक्षीय संस्थानों को अधिक समावेशी बनाने के लिए उनमें **सुधार का पुरजोर समर्थन** कर रहा है
- ग्लोबल साउथ की **क्षमता निर्माण** के लिए कार्य कर रहा है



चुनौतियां

- वैश्विक मंचों पर **कम प्रतिनिधित्व**
- **ग्लोबल नॉर्थ के भू-राजनीतिक संघर्ष** दक्षिण को भी प्रभावित कर रहे हैं
- **वैश्विक चुनौतियों का** ग्लोबल साउथ पर **विषमतापूर्वक प्रभाव** पड़ता है

आगे की राह

भारत का 5 स्तंभ दृष्टिकोण: सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि

भारत ने 4R (रिस्पांस, रिकॉग्नाइज, रिस्पेक्ट और रिफ़ॉर्म) के वैश्विक एजेंडे **का आह्वान किया है**

1.7. भारत और विकासात्मक सहयोग

मुख्य तथ्य

- विकासशील देशों को 34.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की **रियायती क्रेडिट लाइंस**
- **सहायता अनुदान** से जुड़ी परियोजनाएं
- **97 देशों और संयुक्त राष्ट्र के दो संस्थाओं को कोविड टीकों** की 162.43 मिलियन खुराकें प्रदान की गईं
- **भारत के बजट का 1%** से भी कम

भारत के डेवलपमेंट कोऑपरेशन फ्रेमवर्क (विकास सहयोग ढांचे) के 5 मुख्य तत्व

- **रियायती वित्त-पोषण**
- **प्रौद्योगिकी साझाकरण**
- **क्षमता निर्माण**
- **अनुदान**
- ऐसा व्यापार जिसमें भारतीय बाजार को **शुल्क मुक्त और कोटा मुक्त पहुँच** उपलब्ध कराई जाती है

1.8. सॉफ्ट पॉवर और सांस्कृतिक कूटनीति

सॉफ्ट पावर गैर-आक्रामक साधनों का उपयोग करके अपील और आकर्षण के माध्यम से दूसरों को प्रभावित करने की क्षमता है।

सांस्कृतिक कूटनीति "देशों और लोगों के बीच विचारों, सूचनाओं, कला, भाषा और संस्कृति के अन्य पहलुओं का आदान-प्रदान" है ताकि आपसी समझ को बढ़ावा दिया जा सके।

भारत की सांस्कृतिक कूटनीति के साधन

- **योग:** संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी।
- **भारतीय सिनेमा:** दुनिया भर में इसके बहुत से दर्शक हैं।
- **भारतीय मूल्य और सहिष्णुता:** ये अपनी प्रकृति में काफी हद तक सकारात्मक माने जाते हैं।
- **भारतीय भोजन:** सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ भारत में कई तरह के आकर्षक व्यंजन मिलते हैं।
- **पर्यटन:** लोगों और संस्कृति को जोड़ने में मदद करता है।

1.9. भारतीय डायस्पोरा

डायस्पोरा भारत और विश्व को जोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय सेतु के रूप में कार्य करते हैं और उनमें से प्रत्येक देश का ब्रांड एंबेसडर होता है।



1.10. बंदरगाहों का भू-राजनीतिक महत्त्व

बंदरगाहों का सामरिक महत्त्व

- **भू-राजनीतिक परिसंपत्तियों** के रूप में कार्य करते हैं
- **समुद्री सुरक्षा** को मजबूत करते हैं
- द्विपक्षीय और बहुपक्षीय **संबंधों को मजबूत** करते हैं
- **कनेक्टिविटी बढ़ाना** एवं व्यापार को सुविधाजनक बनाना एवं वैश्विक मूल्य श्रृंखला में देश की भागीदारी को सक्षम बनाते हैं

हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक प्रतिस्पर्धा



चुनौतियां

- **चीन की ऋण जाल कूटनीति** (हंबनटोटा के संबंध में)
- भारत के छोटे पड़ोसी देश (जैसे- श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव आदि) स्वयं को चीन और भारत की **भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में फंसा हुआ** महसूस करते हैं
- **राष्ट्रों के बीच प्रतिद्वंद्विता:** उदाहरण के लिए- स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स (चीन) और नैकलेस ऑफ डायमंड्स (भारत)
- समुद्री डकैती के कारण **रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं**

1.11. सामरिक उपकरण के रूप में क्रूड ऑयल

क्रूड ऑयल के मामले में भारत की स्थिति

- **प्रमुख आपूर्तिकर्ता** देश हैं: रूस, इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात।
- भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद तेल का **तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता देश है।**
- वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की **मांग में होने वाली वृद्धि में भारत की हिस्सेदारी लगभग 25-28%** रहने की संभावना है।
- भारत दुनिया का **चौथा सबसे बड़ा** क्रूड ऑयल **रिफाइनर** है।

कच्चे तेल का सामरिक महत्त्व

- **आर्थिक लाभ उठाने** के एक साधन के रूप में क्रूड ऑयल, उदाहरण के लिए- ओपेक
- क्रूड ऑयल आयात करने वाले देशों के साथ **रणनीतिक साझेदारी**
- **भू-राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन,** उदाहरण के लिए- तेल समृद्ध खाड़ी के देश।
- **प्रतिबंध के साधन** के रूप में

2. भारत से जुड़े और/ या भारत के हितों को प्रभावित करने वाले क्षेत्रीय एवं वैश्विक समूह और समझौते (REGIONAL, AND GLOBAL GROUPINGS AND AGREEMENTS INVOLVING INDIA AND/OR AFFECTING INDIA'S INTEREST)

2.1. भारत और G20

भारत ने पहली बार G20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में **"वसुधैव कुटुंबकम्" अथवा "एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य"** की थीम के साथ किया गया

भारत के लिए G20 की अध्यक्षता का महत्त्व

- **नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन:** उदाहरण के लिए- ग्लोबल बायोफ्यूल अलायन्स (GBA)।
- **ग्लोबल साउथ की अभिव्यक्ति:** भारत की पहल पर ही अफ्रीकी संघ को G20 का स्थायी सदस्य बनाया गया।
- **आर्थिक अवसर:** उदाहरण के लिए, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC)।
- **भारत के प्रभाव का विस्तार**

G20 का महत्त्व

- वैश्विक **वित्तीय स्थिरता** का समर्थन करना
- **वैश्विक विकास के समक्ष विद्यमान चुनौतियों** का समाधान करना
- **मानव संसाधन विकास** एवं रोजगार
- द्विपक्षीय संबंधों को **बेहतर बनाना**

G20 के समक्ष मौजूद चुनौतियां

- सदस्य देशों के **अलग-अलग हित** और प्राथमिकताएं।
- G20 **संस्था और इसके समझौते कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं।**
- G20 के कई सदस्य देशों के बीच **भू-राजनीतिक तनाव** हैं।
- **वैश्विक चुनौतियों के प्रति अपर्याप्त प्रतिक्रिया।**

2.2. भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा

MEC में **रेलमार्ग, जहाज-रेल पारगमन नेटवर्क (सड़क और समुद्र) तथा सड़क परिवहन मार्ग (व नेटवर्क)** शामिल होंगे। **इसमें दो गलियारे शामिल हैं:**

- **पूर्वी गलियारा:** यह **भारत को अरब की खाड़ी** से जोड़ेगा।
- **उत्तरी गलियारा:** यह **अरब की खाड़ी को यूरोप** से जोड़ेगा।

महत्त्व

- अमेरिका, यूरोप तथा भारत के बीच **प्रतिबद्धता की स्थापना।**
- **व्यापार सुविधा** से व्यापार लागत कम हो जाएगी आदि।
- **क्षेत्रीय कनेक्टिविटी** में वृद्धि
- यह भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच **आर्थिक एकीकरण** में प्रभावी भूमिका निभाएगा
- सुरक्षित **क्षेत्रीय आपूर्ति श्रृंखला की स्थापना**
- **भारत के लिए IMEC का महत्त्व:** इससे भारत और यूरोप के बीच व्यापार में लगभग 40 फीसदी तक की वृद्धि होने की संभावना है; इससे लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी



2.3. अफ्रीकी संघ: G20 का एक स्थायी सदस्य

अफ्रीकी संघ को G20 में शामिल करने का महत्त्व

G20 के लिए महत्त्व
अफ्रीका में **विश्व के 60% नवीकरणीय ऊर्जा संसाधन** मौजूद हैं।

भारत के लिए महत्त्व
ग्लोबल साउथ की अभिव्यक्ति बनना
भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप
संसाधनों का विविधीकरण

अफ्रीका के लिए महत्त्व
वैश्विक मुद्दों के लिए एक मंच
अफ्रीका की संवृद्धि का संकेत

अफ्रीकी संघ (AU) के बारे में

AU के बारे में: यह एक महाद्वीपीय संगठन है। अफ्रीकी महाद्वीप के 55 देश इस संघ के सदस्य हैं।

उत्पत्ति: इसे 2002 में स्थापित किया गया था।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी: इस समूह के सदस्य देशों की कुल आबादी 1.4 अरब और GDP 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है।

अफ्रीकी महाद्वीप के साथ एकीकरण को बढ़ावा देने में भारत के प्रयास

- **पैन अफ्रीकन ई-नेटवर्क प्रोजेक्ट (PANEP)**
- **भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम**
- **एशिया-अफ्रीका विकास गलियारा:** भारत व जापान के सहयोग से
- **भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन:** भारत और अफ्रीका के बीच व्यापक सहयोग को बढ़ावा देना

2.4. ब्रिक्स का विस्तार

मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात पूर्णकालिक स्थायी सदस्यों के रूप में ब्रिक्स में शामिल हुए हैं।

ब्रिक्स के विस्तार का महत्त्व

- नए क्षेत्रों में **ब्रिक्स समूह के फुटप्रिंट** का विस्तार करने में
- वैश्विक अर्थव्यवस्था में **प्रभाव बढ़ना**
- **वि-डॉलरीकरण** को बढ़ावा देने में
- **बहुध्रुवीय विश्व** को आकार देने में

भारत के लिए ब्रिक्स का महत्त्व

- प्रतिद्वंद्विता का प्रबंधन करने के लिए **तटस्थ मंच** प्रदान करता है
- वैश्विक संस्थाओं में **सुधार हेतु दबाव** डालने की अनुमति देता है।
- आयात स्रोतों के **विविधीकरण में मदद** करता है
- SDGs को **हासिल करने में ब्रिक्स** सहयोग (जैसे- कृषि अनुसंधान मंच) भारत के लिए काफी मददगार हो सकता है
- वैश्विक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए UNSC और WTO जैसे संस्थानों में **सुधारों पर जोर देना**

ब्रिक्स के विस्तार से संबंधित मुद्दे

- ब्रिक्स समूह में शामिल किए गए देशों के **आर्थिक विकास का स्तर काफी अलग-अलग है।**
- **चीन** इस संगठन के द्वारा अपने **प्रभाव** क्षेत्र को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।
- सदस्यों के बीच व्यापक **आंतरिक मतभेद।**

2.5. भारत और हिंद-प्रशांत

हिंद-प्रशांत एक ऐसा क्षेत्र है जो अफ्रीका के पूर्वी तट से लेकर अमेरिका के पश्चिमी तट तक फैला हुआ है।

महत्त्व

- **वैश्विक व्यापार का 50% और तेल का 40% हिस्सा** हिंद-प्रशांत क्षेत्र से गुजरता है।
- **भारत का 90 प्रतिशत व्यापार** इस क्षेत्र से होता है। इसमें 80 प्रतिशत महत्वपूर्ण माल ढुलाई शामिल हैं।
- एक **स्वतंत्र, खुले और समावेशी** क्षेत्र के समर्थक।
- **दक्षिण पूर्व एशिया और आसियान** को IP के केंद्र में रखता है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत की नीति

- **समुद्री डोमेन जागरूकता** (MDA)
- **पहल:** IPOI, IONS
- **सुरक्षा प्रदाता** एवं प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता
- **विदेश नीति:** इंडो-पैसिफिक डिवीजन (IPD), एक्ट ईस्ट पॉलिसी, सागर आदि।

चुनौतियां

- **सीमित नौसैनिक क्षमता** और सैन्य ठिकानों की कमी।
- विभिन्न पहलों के विकास की धीमी गति।
- हिंद-प्रशांत की निश्चित सहमति का अभाव।

2.6. इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (IPEF)

IPEF के बारे में

उत्पत्ति: इसे मई 2022 में **टोक्यो** में लॉन्च किया गया था। इसे **संयुक्त राज्य अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य भागीदार** देशों ने संयुक्त रूप से लॉन्च किया था।

सदस्य: IPEF के **14 भागीदार** देश है। इनमें भारत भी शामिल है।

IPEF के भागीदार देशों की **वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 40% और वैश्विक वस्तु एवं सेवा व्यापार में 28% की हिस्सेदारी** है।

पारंपरिक व्यापार समझौते बनाम IPEF

- पारंपरिक व्यापार समझौतों या मुक्त व्यापार समझौतों (FTAs) के विपरीत, IPEF के तहत प्रशुल्क या बाजार पहुंच पर वार्ता नहीं की जाएगी।
- FTA में हर विषय पर एक ही तंत्र के अधीन चर्चा की जाती है। इसके विपरीत, **IPEF के तहत वार्ताएं चार मॉड्यूल (स्तंभों) के अधीन एक-दूसरे से स्वतंत्र व अलग** होती हैं।
- IPEF के अंतर्गत देशों को **प्रत्येक मॉड्यूल में हिस्सा लेने की जरूरत नहीं** होती है।

आर्थिक फ्रेमवर्क के चार स्तंभ

जुड़ी हुई अर्थव्यवस्था (व्यापार): डिजिटल अर्थव्यवस्था में उच्च मानकों को अपनाना, जिसमें सीमा-पार डेटा प्रवाह और डेटा स्थानीयकरण से संबंधित मानक शामिल हों।

मजबूत और लचीली अर्थव्यवस्था (आपूर्ति श्रृंखला): अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूत और लचीला बनाने हेतु ऐसी आपूर्ति श्रृंखलाओं का विकास करना होगा, जिस पर अचानक पड़ने वाले किसी आघात व महंगाई का असर न हो।

पारदर्शी अर्थव्यवस्था: स्वच्छ ऊर्जा, विकार्बनीकरण और अच्छे वेतन वाली नौकरियों को बढ़ावा देने वाली अवसंरचना को प्रोत्साहित करना।

निष्पक्ष अर्थव्यवस्था: मौजूदा बहुपक्षीय दायित्वों के अनुरूप प्रभावी कर व्यवस्था तथा मनी-लॉन्ड्रिंग रोधी और रिश्वत विरोधी व्यवस्थाओं को अपनाना व उन्हें लागू करना।

2.7. क्वाड

भारत के लिए क्वाड (QUAD) का महत्त्व

हिंद-प्रशांत क्षेत्र दुनिया की सकल घरेलू उत्पाद में 60 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है।

एक्ट ईस्ट को बढ़ावा

क्वाड भारत को **निवेश के लिए एक पसंदीदा स्थान** बना सकता है

क्वाड के समक्ष मौजूद चुनौतियां

- **पूरी तरह से संस्थागत नहीं**
- **शीत-युद्ध की मानसिकता**
- **क्वाड के उद्देश्य को अन्य क्षेत्रीय समूहों से अलग परिभाषित करना**
- **अपने प्रयासों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ावा देने में असमर्थता**

क्वाड संबंधी भारत की चिंताएं

- **विभिन्न मोर्चों पर चीन के साथ फिर से तनाव होने की संभावना**
- भारत ने ऐसे देशों या संगठनों के साथ भी **साझेदारी को बढ़ावा देना जारी रखा है, जो तथाकथित क्वाड विरोधी हैं**
- क्वाड में भारत की भागीदारी बढ़ने से अन्य महत्त्वपूर्ण भागीदार, जैसे- **रूस और ईरान भारत से दूर हो सकते हैं।**

आगे की राह

- **क्षेत्रीय समृद्धि** पर ध्यान देना
- **स्पष्टता और अस्पष्टता को संतुलित करना**
- क्षेत्र में **मौजूदा संगठनों को बढ़ाना**
- **अन्य भागीदारों को शामिल** करना

2.8. भारत-आसियान संबंध

प्रमुख डेटा

- **आसियान भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।**
- **भारत-आसियान व्यापार: 122.67 बिलियन डॉलर (2023-24)**
- **भारत के वैश्विक व्यापार में** आसियान के साथ किए गए व्यापार का **हिस्सा 11.3 प्रतिशत था**
- **भारत के बाहरी निवेश का 20% से अधिक आसियान देशों को जाता है**

भारत के लिए आसियान का महत्त्व

- **भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसिफिक विज़न में** आसियान का केंद्रीय स्थान है
- भारत-म्यांमार-थाईलैंड **(IMT)** त्रिपक्षीय राजमार्ग; **कलादान मल्टीमॉडल परियोजना**
- आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस **(ADMM-Plus)**, आसियान-भारत समुद्री सैन्य अभ्यास **(AIME)**

चुनौतियाँ

- RCEP से **भारत का बाहर होना, म्यांमार का मुद्दा**
- **आसियान के साथ भारत का व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है**
- **संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन जैसी महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा का मुख्य केंद्र बन गया है**
- **आसियान देशों के साथ चीन का समुद्री विवाद**

आगे की राह

- समयबद्ध तरीके से **AITIGA की समीक्षा** करना
- ISA, CDRI, LiFE और OSOWOG को **संस्थागत बनाना**
- **व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना:** IPOI, AOIP
- IMT त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना को तेजी से पूरा करना

2.9. राष्ट्रमंडल

राष्ट्रमंडल के साथ भारत के संबंध

- भारत **राष्ट्रमंडल का सबसे बड़ा सदस्य देश** है
- भारत राष्ट्रमंडल में **चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता** देश है
- भारत ने **नई दिल्ली** में **1983 में राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन (CHOGM)** और 2010 में **राष्ट्रमंडल खेलों** की मेजबानी की
- 2018 में **कॉमनवेल्थ सब-विंडो** की स्थापना की गई

पक्ष में तर्क

- 1967 से अब तक राष्ट्रमंडल ने **लगभग 40 देशों में** चुनावों की निगरानी हेतु **140 मिशन** भेजे हैं।
- **टोगो और गैबॉन** (ये दोनों ब्रिटिश उपनिवेश का भाग नहीं थे) जैसे नए सदस्यों का शामिल होना।
- राष्ट्रमंडल **SDGs को लागू करने,** के प्रति प्रतिबद्ध है।

विपक्ष में तर्क

- इसका **अस्तित्व ही उपनिवेशवाद को वैधता प्रदान** करता है।
- समकालीन वैश्विक मुद्दों का समाधान करने में **कम प्रासंगिक** है।
- सदस्यों के बीच **सामंजस्य का अभाव।**
- **फंडिंग/ डिलीवरी** संबंधी रुकावट/ बाधाएं।

2.10. गुटनिरपेक्ष आंदोलन

NAM के बारे में

- इसकी उत्पत्ति 1955 में बांडुंग (इंडोनेशिया) में आयोजित **एशिया-अफ्रीका सम्मेलन** से मानी जाती है।
- **संस्थापक:** मिस्र, घाना, भारत, इंडोनेशिया और यूगोस्लाविया के राष्ट्राध्यक्ष।
- इन देशों का विचार था कि **स्वयं को "गुटनिरपेक्ष" घोषित किया जाए**
- 1961 में NAM का पहला सम्मेलन बेलग्रेड में आयोजित किया गया था
- गुटनिरपेक्ष आंदोलन के पास **कोई औपचारिक संस्थापक चार्टर या संधि नहीं है। साथ ही, इसका कोई स्थायी सचिवालय भी नहीं** है।

वर्तमान समय में NAM की प्रासंगिकता

- **NAM देश आत्मनिर्णय के सिद्धांतों** का समर्थन करते हैं।
- **बहुपक्षवाद** और वैश्विक शांति को बढ़ावा देने का समर्थन करता है।
- **उपनिवेशीकरण** को रोकने के लिए एक सख्त उपाय के रूप में यह अभी भी लागू है।
- **सक्रिय गुटनिरपेक्षता** की अवधारणा का बढ़ता महत्व।

चुनौतियां

- **वैश्विक व्यवस्था में परिवर्तन**
- **विकासशील गठबंधन**
- **आसियान और SCO जैसे क्षेत्रीय संगठन**
- **नेतृत्व का अभाव**

3. भारत और उसके पड़ोसी देशों के साथ संबंध (INDIA AND ITS NEIGHBOURHOOD RELATIONS)

3.1. भारत की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी

महत्त्व

- चीन का मुकाबला करने के लिए **दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना।**
- **भारत, ग्लोबल साउथ की एक आवाज़**
- **बहुपक्षवाद को मजबूत करना**
- **सॉफ्ट पावर को बढ़ावा देने के लिए** भारत के सांस्कृतिक संबंधों का लाभ उठाना
- **क्षेत्रीय व्यापार और निवेश** को बढ़ावा मिलेगा

चुनौतियां

- **ऐतिहासिक और अनसुलझे विवाद**
- **बिग-ब्रदर' अवधारणा**
- **भारत की घरेलू राजनीति:** भारत की श्रीलंका के प्रति विदेश नीति का निर्धारण।
- **पड़ोसी देशों में गतिशीलता या राजनीतिक अस्थिरता**
- **बनिष्क्रिय क्षेत्रीय बहुपक्षीय संस्थान;** जैसे, सार्क।

मुख्य सिफारिशें

- विदेश मंत्रालय को कार्यान्वित की जाने वाली विशिष्ट पहलों, परियोजनाओं की पहचान करने के लिए **एक सेल की स्थापना** करनी चाहिए।
- **वैध प्रवासन का समाधान करना।**
- **सांस्कृतिक सहयोग और लोगों के बीच संपर्क** को बढ़ावा देना चाहिए।
- द्विपक्षीय और बहुपक्षीय/क्षेत्रीय फ्रेमवर्क्स की **आवधिक समीक्षा करनी चाहिए।**

3.2. चीन का उदय और भारत के लिए खतरा

भारत के लिए चीन के प्रमुख सामरिक खतरे

- **लद्दाख में चीनी घुसपैठ**
- **चीन का रक्षा बजट 222 बिलियन डॉलर है, जबकि भारत का 75 बिलियन डॉलर।**
- **चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 99 बिलियन डॉलर से अधिक है।**
- **चीन अपने आर्थिक प्रभुत्व का उपयोग जियो-पोलिटिकल लाभों के लिए कर रहा है (जिसे "जिओ-इकोनॉमिक्स" कहा जाता है।**

इन खतरों को कम करने के लिए भारत के प्रयास

- **चीनी सेना का डटकर सामना करना**
- **भारत की सक्रिय हिंद-प्रशांत नीति**
- **क्वाड बहुआयामी गठजोड़ में तब्दील हो गया**
- **चीनी आर्थिक प्रभुत्व को कम करने का प्रयास करना-** उदाहरण के लिए- टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाना।
- **भारत : ग्लोबल साउथ के एक पक्षकार के रूप में उभर रहा है**

3.3. भारत-चीन सीमा विवाद

वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) दोनों देशों के बीच **विभाजन रेखा** है। हालांकि, भारत और चीन के बीच सीमा का **औपचारिक रूप से सीमांकन नहीं किया** गया है। दोनों देशों के बीच **पारस्परिक रूप से सहमति आधारित LAC** भी नहीं है।

- **वेस्टर्न सेक्टर (लद्दाख): भारत 1865** में निर्धारित **जॉनसन लाइन** को सीमा मानता है। वहीं चीन **1893 में निर्धारित मैकडॉनल्ड लाइन को वास्तविक सीमा** मानता है।
- **मिडिल सेक्टर (हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड):** इस सेक्टर में मामूली विवाद है।
- **ईस्टर्न सेक्टर (अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम):** चीन यह दावा करता है कि **अरुणाचल प्रदेश तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र का हिस्सा है।**



दोनों देशों के बीच प्रमुख विवाद समाधान पहलों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- **1993:** LAC पर शांति और स्थिरता के रखरखाव पर **समझौता।**
- **1996:** LAC पर सैन्य क्षेत्र में विश्वास-निर्माण उपायों पर **समझौता।**
- **2005:** सैन्य क्षेत्र में विश्वास-निर्माण उपायों के कार्यान्वयन के तौर-तरीकों पर **प्रोटोकॉल।**
- **2012:** भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए एक कार्यकारी तंत्र की स्थापना पर **समझौता।**
- **2013: सीमा रक्षा सहयोग समझौता।**

3.4. सीमापारीय नदी जल प्रबंधन

परिभाषा: इसे प्रमुख नीतिगत क्षेत्रों में बाह्य दबाव से स्वतंत्र रहकर निर्णय लेने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसमें विशेष रूप से महाशक्तियों के दबाव से मुक्त होकर निर्णय लेना शामिल है।

प्रमुख मुद्दे

- **चीन तिब्बत पर अपने पूर्ण नियंत्रण** के परिणामस्वरूप जल आधिक्य (Water hegemony) की स्थिति में है।
- एक **सार्वभौमिक रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय विधिक व्यवस्था** की अनुपस्थिति
- प्रस्तावित **तीस्ता समझौते** का पश्चिम बंगाल द्वारा विरोध
- नदियों के कारण **सीमा विवाद**
- **डेटा साझाकरण का अभाव**

भारत और पड़ोसी देशों के बीच नदी जल सहयोग

- **1960:** सिंधु जल संधि
- **1996:** भारत और बांग्लादेश के मध्य गंगा नदी जल के बंटवारे पर संधि
- **1954:** कोसी नदी समझौता
- **1959:** गंडक नदी समझौता
- **1991:** टनकपुर बैराज समझौता
- **1996:** महाकाली नदी संधि

3.5. भारत-नेपाल संबंध

भारत और नेपाल के बीच धार्मिक एवं सांस्कृतिक संबंध बहुत पुराने और बहुत मजबूत हैं तथा दोनों देशों को इन संबंधों को और अधिक ऊंचाई तक ले जाने के लिए काम करना चाहिए -भारतीय प्रधान मंत्री

प्रमुख तथ्य

- भारत नेपाल का **सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार**
- **द्विपक्षीय व्यापार:** दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय व्यापार **11 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक** का है।
- **कनेक्टिविटी परियोजनाएं:** रक्सौल-काठमांडू रेलवे परियोजना, BBIN (बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और इंडिया) आदि।
- **रोटी-बेटी का संबंध**

चुनौतियां

- **नेपाल में चीन का बढ़ता प्रभाव**
- सीमा विवाद पर **नेपाल का आक्रामक रुख** (कालापानी सीमा मुद्दा)।
- **नेपाल में द्विपक्षीय व्यापार में भारी व्यापार घाटे के कारण असंतोष व्याप्त** है। यह घाटा GDP का लगभग 18 प्रतिशत है।
- **भारत का बड़े भाई के जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया जाता है।**
- **लोगों की अप्रतिबंधित सीमा पार आवाजाही**

संबंधों को बेहतर बनाने हेतु उठाए जाने वाले कदम

- **आर्थिक सहयोग** को मजबूत करना
- **मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी** पर ध्यान केंद्रित करना
- **विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा के लिए उपयुक्त** द्विपक्षीय तंत्र स्थापित करना
- **लोगों के मध्य संपर्कों** का लाभ उठाना
- **वर्ष 1950 की शांति और मित्रता संधि पर** फिर से विचार करना

3.6. भारत-भूटान संबंध

भारत के प्रधान मंत्री को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, **'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो'** से सम्मानित किया गया।

भूटान का महत्त्व

- चीन और भारत के बीच **भूटान की रणनीतिक स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण** है
- भूटान में **जल विद्युत संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध** हैं। ये संसाधन भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं।
- दोनों देश **पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन** के प्रति अनुकूलन पर एक साथ कार्य कर सकते हैं
- **क्षेत्रीय एकीकरण: जैसे-** सार्क (SAARC) और बिम्सटेक (BIMSTEC)

चुनौतियां

- **भारत पुनात्सांगछू-I और पुनात्सांगछू-II** जैसी परियोजनाओं को पूरा करने **देरी कर रहा है।**
- **उग्रवादियों/ विद्रोहियों के लिए छुपने का स्थान:** उदा. यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (ULFA), नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोस (NDFB) आदि।
- **बांग्लादेश-भूटान-भारत-नेपाल (BBIN) मोटर वाहन समझौता :** पर्यावरण संबंधी चिंताओं के कारण भूटान ने **इस समझौते को** रोक दिया है

आगे की राह

- **भारत को** भूटान के सेवा क्षेत्रक में **निवेश करने की आवश्यकता है।**
- सीमा विवादों के संबंध में बढ़ रही अनिश्चितताओं को कम करने के लिए **चीन के साथ ट्राइलोग (Trilogue/ त्रिपक्षीय बातचीत) की शुरुआत** की जानी चाहिए।
- **दोनों देशों के बीच संपर्क बिंदु (Contact points) स्थापित करना।** जानकारी को **रियल टाइम पर साझा** करने के लिए एक तंत्र स्थापित करना आदि।



3.7. तालिबान शासन के तहत भारत-अफगानिस्तान संबंध

अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता का भारत के लिए महत्त्व

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी
अफगानिस्तान को भारत के लिए **मध्य एशियाई क्षेत्र का प्रवेश द्वार** माना जाता है।

ऊर्जा और संसाधन
अफगानिस्तान में स्थिरता रहने से **"तुर्कमेनिस्तान-अफगानिस्तान-पाकिस्तान-भारत (TAPI) पाइपलाइन"** परियोजना को आगे बढ़ाया जा सकता है।

सुरक्षा
पाकिस्तान आधारित आतंकवादी समूहों से निपटने के लिए अफगानिस्तान में शांति बहाली आवश्यक है।

चुनौतियां

तालिबान की चरमपंथी धार्मिक विचारधारा

महिलाओं के अधिकार तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच

पाकिस्तान, **अफगानिस्तान** के किसी क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित किए बिना वहां अपना **सामरिक प्रभाव बढ़ाने** का प्रयास कर रहा है

दिल्ली में अफगान दूतावास को बंद कर दिया गया है

अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा सत्ता पर कब्जा करने के बाद से भारत-अफगान संबंध

- **काबुल में तकनीकी मिशन:** इसे जून 2022 में खोला गया था।
- भारत ने **अफगान छात्रों के लिए "भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) छात्रवृत्ति योजना"** जारी रखी है
- अमेरिका और अन्य अधिकांश देशों की तरह भारत ने भी तालिबान **सरकार को अभी तक मान्यता नहीं दी है।**
- भारत ने **"अफगान के नेतृत्व वाली, अफगान के स्वामित्व वाली और अफगान द्वारा नियंत्रित** शांति प्रक्रिया के महत्त्व पर जोर दिया है।

आगे की राह

तालिबान से द्विपक्षीय वार्ता करने के साथ-साथ सार्क जैसे क्षेत्रीय मंचों पर भी उसके साथ चर्चा बढ़ानी चाहिए

भारत को अफगान छात्रों के लिए छात्रवृत्ति समेत अन्य सुविधाएं देना जारी रखना चाहिए। साथ ही, **अफगान लोगों में भारत के प्रति मजबूत सद्भावना का लाभ भी उठाना** चाहिए।

3.8. भारत के उत्तर-पूर्व में स्थित पड़ोसी देश

बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार और नेपाल के साथ-साथ जापान और आसियान के सदस्य भारत के सबसे भरोसेमंद वैश्विक भागीदार हैं।

प्रमुख मुद्दे/चिंता के विषय

- **खराब सीमावर्ती-अवसंरचना एवं खुली सीमाएँ (बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार)।**
- **डेथ ट्राइएंगल (थाईलैंड, लाओस और म्यांमार) के नारकोटिक्स वेब से निकटता।**
- **पूर्वोत्तर में शरणार्थी संकट: उदाहरण के लिए- रोहिंग्या संकट (म्यांमार), बांग्लादेश के अवैध प्रवासी।**
- **परियोजनाओं के कार्यान्वयन में देरी।**

महत्त्व

भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER) में विकास

- **पूर्वोत्तर क्षेत्र की सुरक्षा:** जैसे- मादक पदार्थों की तस्करी,
- **भारत के प्रभाव क्षेत्र को सुरक्षित रखना और बनाए रखना**
- **क्षेत्र में मजबूत कूटनीतिक और आर्थिक पकड़**
- **कनेक्टिविटी में सुधार: जैसे- 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी'**
- **क्षेत्रीय और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ एकीकरण**

आगे की राह

- **व्यापारिक और आर्थिक संबंधों** को आगे बढ़ाना।
- **सहयोग के नए क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना:** जैसे- डिजिटल प्रौद्योगिकी।
- **सांस्कृतिक संबंधों का लाभ उठाना:** जैसे भारत का **बौद्ध सर्किट"**
- **सामरिक सहयोग: जैसे समुद्री क्षेत्र** में।
- **अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं और मानदंडों के सृजन को बढ़ावा देना।**
- **सामरिक सहयोग:** विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र

3.9. भारत-श्रीलंका समुद्री सीमा रेखा

इस समस्या के तीन परस्पर जुड़े हुए पहलू हैं: कच्चातिवू द्वीप को लेकर दोनों देशों के बीच असहमति; श्रीलंकाई जलक्षेत्र में भारतीय मछुआरों द्वारा अवैध मत्स्यन; तथा मछली पकड़ने में उपयोग होने वाले बड़े ट्रॉलर्स (जिनसे पर्यावरण को हानि पहुंचती है)।

कच्चातिवू और वेज बैंक के बारे में

- इसका निर्माण 14वीं सदी के **ज्वालामुखी उद्गार** से हुआ था।
- कच्चातिवू श्रीलंका की समुद्री सीमा रेखा के भीतर समुद्र में **285 एकड़ का एक क्षेत्र है।**
- **यह रामेश्वरम के उत्तर-पूर्व और श्रीलंका के डेल्फ़्ट द्वीप** के दक्षिण-पश्चिम में अवस्थित है।
- **वेज बैंक विश्व में मछली पकड़ने के सबसे समृद्ध जलीय क्षेत्रों में से एक है।**

3.10. भारत-मालदीव संबंध

मालदीव ने कोलंबो सुरक्षा कॉन्क्लेव वार्षिक बैठक (2023) से बाहर होने का विकल्प चुना तथा मालदीव ने चीन के साथ सैन्य समझौते पर हस्ताक्षर किए।



भारत के लिए मालदीव का महत्त्व

- **भू-सामरिक:** 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति
- **चीन के प्रभाव को संतुलित करना**
- **निवल सुरक्षा प्रदाता** की भूमिका
- **क्षेत्रीय और बहुपक्षीय सहयोग:** SAARC, IORA

